# 15. बहादुर बच्चे रोते नहीं


छुट्टी का दिन था। बच्चे आम खाना चाहते थे। दद्दा ने उन्हें जग्गा के घर भेजा। जग्गा बहुत सज्जन आदमी था। वह बगीचे में रहता था। उसकी पत्नी का नाम रामुलम्मा था। वे दोनों बच्चों से बहुत प्यार करते थे।



जग्गा ने बच्चों को देखा। वह बहुत प्रसन्न हुआ। वह आम के पेड़ पर चढ़ गया। डाली जोर से हिलायी। टप-टप आम गिर पड़े। बच्चे खुशी से चिल्ला उठे - ''वाह! वाह!'' लेकिन आम के साथ पत्ते भी गिरे थे। सबने पत्ते हटाने में जग्गा की सहायता की।



अपने छप्पर वाले घर से रामुलम्मा निकली। उसके हाथ में रस्सी थी। जग्गा ने रस्सी पेड़ की डाली से बाँध दी। सब झूला झूलने लगे।



SCERT TELANGANA



तेलंगाणा राज्य सरकार द्वारा निशुल्क वितरण 2020-21

**थोड़ी** देर बाद गेंद-बल्ले का खेल शुरू हुआ। यादय्या ने गेंद फेंकी। अप्पू ने बल्ला घुमाया। गेंद उसे ही जा लगी। वह चक्कर खाकर गिर पड़ा। अब्बास और बब्बन उसकी ओर दौड़े। अप्पू चिल्ला-चिल्ला कर रो रहा था - ''हूँ.... हूँ....''





जग्गा ने अप्पू को समझाते हुए कहा- ''खेल में तो चोट लगती ही रहती है। बहादुर बच्चे रोते नहीं।''



## सुनो-बोलो

(अ) संवादों को **बोलिए** और अभिनय **कीजिए**।

(आ) पहले चित्र में क्या है?

(इ) दूसरे चित्र में क्या है?

(ई) तीसरे चित्र में क्या दिखाया गया है?

(उ) चौथे चित्र के बारे में **बताइए**।

(ऊ) अंतिम चित्र में क्या है?

(ए) बच्चे क्या खाना चाहते थे?

(ऐ) दद्दा ने बच्चों को कहाँ भेजा?

(ओ) जग्गा की पत्नी का नाम क्या था?

(औ) बच्चों ने जग्गा के घर पर क्या-क्या किया?



SCERT TELANGANA

(क) चोट किसे लगी?

(ख) जग्गा ने अप्पू से क्या कहा?

(ग) जग्गा के समझाने के बाद अप्पू ने क्या किया होगा?



## पढ़ो-लिखो

**(अ) नीचे दिये गये द्वित्वाक्षरों को पाठ में पहचानकर उनपर '◯' लगाइए।**

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| क्क | ग्ग | च्च | ज्ज | ट्ट | ड्ड | त्त | द्द |
| न्न | प्प | ब्ब | म्म | य्य | ल्ल | स्स | |

**(आ) पाठ में आये द्वित्वाक्षर वाले शब्द तालिका में उनके सामने लिखिए।**

**जैसे - क्क - चक्कर**

| | |
|---|---|
| च्च | |
| ज्ज | |
| ट्ट | |
| ड्ड | |
| त्त/त्त | |
| द्द | |
| न्न | |
| ब्ब | |
| प्प | |
| म्म | |
| य्य | |
| ल्ल | |
| स्स | |

SCERT TELANGANA



तेलंगाणा राज्य सरकार द्वारा निशुल्क वितरण 2020-21

**(इ) नीचे दिये गये शब्द ध्यान से पढ़िए।**

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| नुक्कड़ | चम्मच | छज्जा | कच्चा | हवाई अड्डा |
| चौकन्ना | छप्पर | जग्गय्या | मुहल्ला | लस्सी |
| लट्टू | बत्ती | छक्का | मग्गा | कव्वाली |

**(ई) नीचे दी गयी पंक्तियाँ पढ़िए। इसके आधार पर एक कहानी बनाइए और सुनाइए।**

अक्का, नक्का, धूम, धड़क्का

खेल रहे थे चौका-छक्का


बल्ला पकड़े थे राजन्ना

सभी खिलाड़ी थे चौकन्ना .............



## लिखो


**(अ) नीचे दिये गये अक्षर मिलाकर शब्द बनाइए। लिखिए।**




१. ..................

२. ..................


३. ..................




१. ..................

२. ..................

३. ..................





१. ..................

२. ..................

३. ..................

SCERT TELANGANA





१. ..................

२. ..................


३. ..................

**(आ) नीचे दिये गये वाक्य पढ़िए। चित्र के नीचे उसका नाम इन शब्दों में से चुनकर वाक्य पूरा लिखिए।**

बल्ला, गन्ना, पत्ता, चक्का, चम्मच, मोमबत्ती, लट्टू

१. रमेश के हाथ में  है।

..............................................................................

२. यह सचिन का  है।

..............................................................................

३. यह आम का  है।

..............................................................................

४. यह ट्रक का  है।

..............................................................................

५. मेज़ पर  जल रही है।

..............................................................................

SCERT TELANGANA

६. रवि  से खेल रहा है।

........................................................................

७. कटोरी में  है।

........................................................................

(इ) **प्रश्नों के उत्तर लिखिए।**

१. बच्चे जग्गा **के** घर क्यों गये?

ज. ...........................................................................

२. बच्चों ने जग्गा के घर पर क्या किया?

ज. ...........................................................................

३. बहादुर बच्चों में कौन-कौन से गुण होने चाहिए?

ज. ...........................................................................

...........................................................................

...........................................................................

SCERT TELANGANA